प्रादेशिक समाचार

दिनांक–23.05.2024 (दोपहर–1455 बजे)

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जमशेदपुर में भाजपा प्रत्याशी विद्युतवरण महतो के पक्ष में रोड शो कर रहे हैं। साकची स्थित बोधी मंदिर मैदान से रोड शो की शुरुआत हुई यह रोड शो स्टेट महल रोड होते हुए एग्रिको मैदान पहुंचकर संपन्न होगा। वहीं झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन आज जमशेदपुर के घाटशिला में चुनावी सभा करेंगी।

****

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। वे जामताड़ा के मेझिया गांव में दुमका सीट से भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन के लिए चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसे लेकर तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं। क्रार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हैं।

****

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने जामताड़ा में कहा कि मतदान केन्द्र से दो किलोमीटर या उससे अधिक की दूरी पर निवास करने वाले मतदाताओं के लिए परिवहन की सुविधा बहाल करायें। उन्होंने दूरस्थ स्थानों को चिह्नित कर मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक लाने और वापस छोड़ने के लिए वाहनों की टैगिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

****

झारखंड में आज शाम के बाद लोकसभा के छठे चरण के चुनाव के लिए प्रचार अभियान थम जाएगा। राज्य की चार सीटों रांची, धनबाद, जमशेदपुर और गिरिडीह में 25 मई को मतदान होना है। निर्वाचन आयोग ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। इन चारों संसदीय सीटों पर कुल तिरानबे उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। लिए पोलिंग पार्टियां कल से बूथों पर रवाना की जाएंगी। इधर हमारे धनबाद संवाददाता ने खबर दी है कि मतदान के दिन निगम क्षेत्र में सारी पार्किंग मुफ्त होगी। वहीं शाम छह बजे और अगले दिन मतदान का प्रमाण दिखाने पर पार्कों में शुल्क नहीं लिया जाएगा।

****

दक्षिणी छोटानागपुर के पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश कुमार झा ने सभी पुलिस पदाधिकारी और सभी पुलिस कर्मियों से वोट देने की अपील की है। उन्होंने आज रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी वोटरों से अपील की कि 25 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और चुनाव के महापर्व में भाग ले। हर वोट जरुरी है।

****

लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी अम्बाटोली में आज कुआं खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से चार मजदूर मिट्टी में दब गए। सभी मजदूरों को बाहर निकालने के लिए राहत एवं बचाव कार्य जारी है। प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर दल बल के साथ मौके पर मौजूद हैं। मिट्टी में दबे लोगों को बाहर निकालने के लिए जेसीबी की मदद से मिट्टी हटाई जा रही है।

****

धनबाद में खनिज संपदा के अवैध खनन और भंडारण के खिलाफ खनन टास्क फोर्स ने कल देर रात राजगंज थाना क्षेत्र में खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक के नेतृत्व में जांच अभियान चलाया, जिसमें 90 टन अवैध कोयला लदे तीन ट्रकों को जब्त किया गया। इस संबंध में खान निरीक्षक ने बताया कि तीनों ट्रकों पर लोड कोयला कतरास क्षेत्र से अवैध खनन कर लाया जा रहा था।

****

गोड्डा जिले में निःशुल्क थैलेसेमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया। विस्तृत ब्यौरे के साथ हैं हमारे संवाददाता –

****

सरायकेला जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दिंदली बस्ती में बुधवार की रात डिलिवरी बॉय और ग्राहक के बीच हुए मारपीट में 4 लोग घायल हो गए है। पुलिस दोनो पक्षों से लिखित शिकायत लेकर आगे कारवाई शुरू कर दी है।

****

पाकुड में आज बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आदर्श नगर में स्थापित महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर आम सहित खास लोगो ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

****

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बेल्जियम में, प्रो–लीग मुकाबले में अर्जेंटीना को 5–4 से हरा दिया है। मैच का फैसला शूटआउट से हुआ जिसमें कप्तान हरमनप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह ने दो–दो गोल किए और पांचवा गोल अभिषेक ने किया।

*******समाप्त************